पीआरजीआई से प्रदत्त पंजीयन संख्या-UAHIN/25/A3123

www.parvatprerna.com

सांध्य दैनिक

# पर्वत प्रेरणा

निष्पक्ष एवं निर्भीकता के साथ सम्पूर्ण राज्य का एक संस्करण

वर्ष : 2 अंक : 248 हल्द्वानी सोमवार, 13 अप्रैल 2026 मूल्य 1.00 रुपये पृष्ठ: 8

## एक नजर

### पी एम के दौरे पर कांग्रेस ने उठाए 10 सवाल

**देहरादून।** प्रधानमंत्री के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे से पहले



प्रदेश की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस ने इस दौरे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री से 10 अहम सवाल पूछे हैं। कांग्रेस नेता ने प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा आगामी चुनावों को देखते हुए राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, केंद्र के बड़े नेताओं का राज्य में आना-जाना बढ़ेगा। कांग्रेस ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए का जिक्र किया। गोदियाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री कई बार उत्तराखंड आए, लेकिन उन्होंने इस गंभीर मामले का कभी उल्लेख नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीआई जांच की मांग सिर्फ जुमला बनकर रह गई है। कांग्रेस ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। बाहरी व्यापारियों पर हमलों और पुलिस पर दबाव का मुद्दा उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा गया। साथ ही, वन्यजीव-मानव संघर्ष बढ़ने पर भी स्पष्ट नीति की मांग की गई। कांग्रेस ने डबल इंजन सरकार पर निशाना साधते हुए भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही, प्रदेश में बंद हुए 826 स्कूलों को दोबारा खोलने की भी मांग उठाई गई। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कांग्रेस ने कई मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की है।

### रजिस्ट्रेशन लाइन में खड़े मरीज की मौत, बेस अस्पताल में हंगामा

**हल्द्वानी।** बेस अस्पताल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रजिस्ट्रेशन काउंटर की लंबी लाइन में खड़े एक मरीज की अचानक मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा खड़ा हो गया और परिजनों सहित स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मरीज सुबह से ही रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में लगा हुआ था। काफी देर तक इंतजार करने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन मौके पर तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाई। कुछ ही देर में उसने वहीं दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद मौके पर पहुंचे और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा चुकी हैं और मरीजों को बुनियादी सुविधाएं तक समय पर नहीं मिल रही हैं। पार्षद ने कहा कि यह सीधे तौर पर सिस्टम की लापरवाही है।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले देहरादून में फुल रिहर्सल, थमा शहर

### सहारनपुर रोड पर फ्लिट रिहर्सल से भीषण जाम, कई मार्ग घंटों बंद, आमजन परेशान, मंगलवार को 28वीं बार उत्तराखंड आएंगे प्रधानमंत्री






**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पहले आज देहरादून में सुरक्षा एजेंसियों ने फुल रिहर्सल की, जिसके चलते शहर की रफ्तार थम सी गई। सहारनपुर रोड पर ट्रैफिक पूरी तरह रोककर वीवीआईपी फ्लिट निकाली गई, जिससे मंडी चौक क्षेत्र में भीषण जाम की स्थिति बन गई। आईएसबीटी से सहारनपुर की ओर जाने वाले सभी मार्गों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, वहीं फ्लाइओवर पर भी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। सुरक्षा कारणों से दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कुछ घंटों के लिए यह प्रतिबंध लागू किया गया। रिहर्सल के दौरान एक दिन पहले ही बैरिकेडिंग कर दी गई और प्रधानमंत्री के संभावित मार्गों को पूरी तरह सील कर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 28वीं बार उत्तराखंड पहुंचेंगे। इस दौरान वे राज्य को रू 11,963 करोड़ की लागत से निर्मित 213 किलोमीटर लंबे दून-दिल्ली एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे की सौगात देंगे। इसके साथ ही 1000 मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण किया जाएगा, जो ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष आध्यात्मिक जुड़ाव रहा है। वे अब तक पांच बार केदार नाथ मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा बद्रीनाथ और मुखबा गांव का भी दौरा कर चुके हैं। बीते वर्ष मार्च में मुखबा पहुंचकर उन्होंने मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल से शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने का संदेश दिया था। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के स्वागत को ऐतिहासिक बनाने में जुटी है। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं, जबकि आमजन में भी प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है।

# छात्रा ने लगाई फांसी, मौत से पहले दोस्त को भेजा मोबाइल पिन

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**हल्द्वानी।** शहर के काठगोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदमारी इलाके से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 24 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। खास बात यह है कि आत्मघाती कदम उठाने से ठीक पहले युवती ने अपने एक युवक मित्र को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर अपने मोबाइल फोन का पिन कोड बताया था, जिसके बाद यह मामला और भी रहस्यमय हो गया है। पुलिस ने युवती का मोबाइल कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चांदमारी निवासी दिव्या आर्या (24 वर्ष) अपनी मां और तीन बहनों के साथ रहती थी। दिव्या परिवार की सबसे बड़ी बेटी थी और एमबीजी कॉलेज में ग्रेजुएशन फाइनल ईयर की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि उसके पिता का बीमारी के चलते करीब एक वर्ष पहले निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसकी मां पर आ गई थी। मां घरों में काम करके अपनी चारों बेटियों का पालन-पोषण कर रही हैं।

बताया गया कि रविवार रात दिव्या ने परिवार के साथ सामान्य रूप से खाना खाया और फिर अपने कमरे में चली गई। इसी दौरान उसने अपने एक युवक दोस्त को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा और उसमें अपने मोबाइल फोन का पिन कोड साझा किया। यह मैसेज युवक को असामान्य लगा और उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई।

संदेह होने पर युवक ने तुरंत दिव्या को फोन करना शुरू किया, लेकिन काफी देर तक कॉल रिसीव नहीं। जब दिव्या ने फोन नहीं उठाया तो युवक घबराकर उसके घर पहुंच गया। वहां पहुंचने पर परिवार को घटना की जानकारी हुई और पता चला कि दिव्या फंदे से लटकी हुई है। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए हल्द्वानी बेस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि पिता के निधन के बाद से परिवार पहले ही आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों से गुजर रहा था। दिव्या पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारियों को भी समझती थी, लेकिन उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह किसी की समझ से परे है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। एसआई कुमकुम धनिक ने बताया कि युवती का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है तथा उसमें मौजूद चैट, कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है और हर पहलू से मामले की पड़ताल की जा रही है।

फिलहाल इस दुखद घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल जांच के बाद ही आत्महत्या के पीछे की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### स्वच्छता में जनभागीदारी जरूरी : धामी

**देहरादून।** पुष्कर सिंह धामी ने आज बल्लूपुर चौक में नगर निगम, देहरादून द्वारा आयोजित स्वेच्छा से स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रदेशवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई अभियान में भाग लिया और लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। नगर निगम, देहरादून द्वारा 7 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना रहा। अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान, कूड़ा निस्तारण और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आम जनता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। जब तक प्रत्येक नागरिक स्वेच्छा से इस दिशा में योगदान नहीं देगा, तब तक स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: सात वाहन आपस में भिड़े

**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक के बाद एक सात वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एलपीजी सिलेंडरों से भरा एक ट्रक भी कारों से जा भिड़ा, जिससे कई गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहंड रेंज क्षेत्र में तेज रफ्तार के बीच अचानक ब्रेक लगने से यह दुर्घटना हुई। आगे चल रही गाड़ियों के रुकते ही पीछे आ रहे वाहन एक-दूसरे से टकराते चले गए। इसी दौरान पीछे से आ रहा एलपीजी सिलेंडरों से भरा ट्रक भी अनियंत्रित होकर वाहनों में जा घुसा, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया।




गाड़ियां एक-दूसरे पर चढ़ीं, मची अफरा-तफरी

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ गाड़ियां एक-दूसरे के ऊपर चढ़ गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक ब्रेक लगने से पीछे आ रहे चालक संभल नहीं सके। एलपीजी ट्रक की टक्कर के बाद दो कारें पूरी तरह पिचक गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, देर शाम तक किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री द्वारा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उससे एक दिन पहले मुख्यमंत्री का दौरा भी निर्धारित है। ऐसे में इस दुर्घटना ने एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस यातायात को सुचारू करने और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने में जुटी है, ताकि आगामी वीआईपी मूवमेंट में किसी प्रकार की बाधा न आए।

# सम्पादकीय

## नारी शक्ति को राजनीतिक अधिकार : अब निर्णय का समय

भारतीय लोकतंत्र के विकास की यात्रा में कई ऐतिहासिक पड़ाव आए हैं, लेकिन कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो न केवल वर्तमान को दिशा देते हैं, बल्कि भविष्य की संरचना भी तय करते हैं। आज महिला आरक्षण को लेकर चल रही पहल ऐसा ही एक निर्णायक क्षण है। प्रधानमंत्री द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम को उसकी मूल भावना के साथ शीघ्र लागू करने की अपील ने इस बहस को एक नई गति दी है। यह केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक समानता की अधूरी कहानी को पूरा करने का अवसर है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में महिलाओं की भूमिका सदैव केंद्रीय रही है। परिवार से लेकर समाज और अर्थव्यवस्था तक, हर क्षेत्र में उनका योगदान निर्विवाद है। इसके बावजूद, राजनीति जो नीति-निर्माण और निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण मंच है वहां उनकी भागीदारी लंबे समय तक सीमित रही है। इसी ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करने का प्रयास है, जिसके माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 2023 में इस अधिनियम का संसद में सर्वसम्मति से पारित होना भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रमाण था। विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद, सभी दलों ने एक स्वर में इस कानून का समर्थन किया। यह दुर्लभ एकजुटता इस बात का संकेत थी कि महिला सशक्तिकरण अब केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता बन चुका है। किंतु, किसी भी कानून का वास्तविक महत्व उसके क्रियान्वयन में निहित होता है। यही वह बिंदु है जहां आज देश खड़ा है। प्रधानमंत्री द्वारा यह सुझाव कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराए जाएं, एक दूरदर्शी पहल है। यदि ऐसा होता है, तो यह भारतीय राजनीति की संरचना में व्यापक बदलाव ला सकता है। अधिक संख्या में महिलाओं का विधायिका में प्रवेश न केवल प्रतिनिधित्व को संतुलित करेगा, बल्कि नीति-निर्माण की दिशा और प्राथमिकताओं को भी प्रभावित करेगा। विश्व के कई उदाहरण बताते हैं कि जहां महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ती है, वहां शासन अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और सामाजिक रूप से संवेदनशील होता है। फिर भी, इस प्रक्रिया में कई व्यावहारिक और संरचनात्मक चुनौतियां मौजूद हैं। जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया, जो इस कानून के क्रियान्वयन से जुड़ी हुई है, समय और संसाधनों की मांग करती है। इसके अतिरिक्त, राजनीतिक दलों की आंतरिक कार्यप्रणाली भी एक महत्वपूर्ण कारक है। यदि दल स्वयं महिलाओं को पर्याप्त टिकट देने के प्रति प्रतिबद्ध नहीं होंगे, तो आरक्षण का उद्देश्य आंशिक ही रह जाएगा। यह भी आवश्यक है कि महिलाओं को केवल 'प्रॉक्सी' उम्मीदवार के रूप में न देखा जाए, बल्कि उन्हें स्वतंत्र और सशक्त नेतृत्व के रूप में उभरने का अवसर दिया जाए। महिला आरक्षण का मुद्दा केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक न्याय और समानता के व्यापक प्रश्न से जुड़ा हुआ है। भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में महिलाओं से संबंधित चुनौतियां अभी भी विद्यमान हैं। जब महिलाएं स्वयं नीति-निर्माण का हिस्सा बनेंगी, तो इन मुद्दों पर अधिक गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाएगा। इस प्रकार, यह कानून समाज के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह भी समझना होगा कि यह अवसर किसी एक सरकार या दल की उपलब्धि भर नहीं है। यह पूरे राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है। सहित सभी राजनीतिक दलों को इस दिशा में सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभानी होगी। संसद में सहमति के जिस वातावरण ने इस कानून को जन्म दिया, वही भावना इसके प्रभावी क्रियान्वयन में भी दिखाई देनी चाहिए। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों का उबाल

### बाइक महारैली में हजारों शामिल, बैरिकेड तोड़े



**देहरादून।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड के तत्वावधान में विधानसभा से मुख्यमंत्री आवास तक विशाल बाइक महारैली निकाली गई। इस महारैली में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को जोरदार तरीके से उठाया। महारैली जैसे ही मुख्यमंत्री आवास के निकट पहुंची, वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आक्रोशित कर्मचारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी, जिससे पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा तीन बैरिकेट तोड़े गए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अब यह आंदोलन आर-पार की लड़ाई बन चुका है।

महारैली को संबोधित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पी. सिंह ने कहा कि आज उमड़ा जनसैलाब सरकार के लिए स्पष्ट संकेत है कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई, तो इसका राजनीतिक खामियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि जब एक दिन के विधायक और सांसदों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जा रहा है, तो 30-40 वर्षों तक सेवा देने वाले कर्मचारियों के साथ यह भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उन्होंने पेंशन को कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार बताते हुए इसे तत्काल बहाल करने की मांग की।

प्रदेश मुख्य संयोजक जयदीप रावत ने बताया कि संगठन का प्रतिनिधिमंडल पूर्व में दो बार सरकार से वार्ता कर चुका है और इस महारैली के माध्यम से पुनः मुख्यमंत्री से मांग रखी गई है। महिला प्रदेश अध्यक्ष रानीता विश्वकर्मा ने कहा कि अब मातृशक्ति भी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

सुरेंद्र बछेती ने सरकार पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों की मांगों को अनदेखा किया गया तो 2027 के चुनाव में सरकार को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश से आए डॉ. आलोक यादव ने कहा कि उत्तराखंड से उठी यह मुहिम पूरे देश में जनआंदोलन का रूप लेगी।

उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बहुगुणा और उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री जगवीर खरोला ने भी सरकार पर कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नई पेंशन व्यवस्था में कर्मचारियों की जमा पूंजी को बाजार के जोखिम में डाला जा रहा है।

उत्तराखंड जूनियर शिक्षक संघ के प्रतिनिधि कुंवर सिंह राणा ने कहा कि अब सभी कार्मिक एकजुट हो चुके हैं और यही एकता आंदोलन को सफलता दिलाएगी। रैली के मुख्य संयोजक लक्ष्मण सजवान ने सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की।

इस दौरान गढ़वाल मंडल से एक बड़ी घोषणा करते हुए मंडलीय अध्यक्ष शंकर भट्ट और मंडलीय सचिव राजीव उनियाल ने बताया कि 1 मई (मजदूर दिवस) को गढ़वाल कमिश्नरी का घेराव किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक कर्मचारियों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया।

महारैली में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा बाहरी क्षेत्रों से भी कर्मचारियों ने भागीदारी की। सहारनपुर से विकास धारिया की विशेष उपस्थिति रही। इस मौके पर संगठन के अनेक पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

# सीएम धामी की घोषणाओं की समीक्षा की रोहेला ने

**जसपुर।** राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने सीएम की घोषणाओं को लेकर अफसरों संग बैठक की। तथा कार्यो की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट जानी। उन्होंने कार्यो को जल्द पूरा कराने के निर्देश भी दिए। रविवार को जसपुर पहुंचे विनय रुहेला का जनप्रतिनिधियों,जनता ने स्वागत किया। रोहेला ने अपने आवास विकास कार्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिवक्ताओं के चेंबरों का निर्माण, कटारमल देवता के सौंदर्यकण, भोगपुर डाम स्थित तीर्थ नगर मंदिर का सौंदर्यकरण, दादूवाला झील का निर्माण, वन विभाग द्वारा अमृतपुर में बनाए जाने वाले पार्क, वीआईपी कॉलोनी की सड़कों के निर्माण की जानकारी ली। श्री रुहेला ने कहा कि जसपुर सीवर लाइन का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। काशीपुर, धामपुर रेललाइन का फाइनल सर्वे हो चुका है। रोडवेज बस अड्डे का कोई समाधान शीघ्र निकाला जाएगा। बैठक में बीडीओ केके कांडपाल, एडीओ पंचायत सुखलाल राणा,हाजी राशिद,ललित कुमार रहे।

# मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

### विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा ने टीम को दिलाई शपथ




जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा

**रुद्रपुर।** स्थानीय मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सोसाइटी परिसर स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर विकास शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

समारोह में विधायक शिव अरोरा और महापौर ने नवनियुक्त अध्यक्ष शंकर सिंह पटवाल, उपाध्यक्ष पीयूष भाटिया, सचिव श्रीमती पूनम वर्मा और कोषाध्यक्ष जीवन सिंह को पद की गरिमा बनाए रखने और निवासियों के हित में कार्य करने की शपथ दिलाई। इनके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य पंकज तिवारी, श्रीमती शशि श्रीवास्तव, श्रीमती नीशू पवार और सज्जन चौधरी ने भी अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि किसी भी कॉलोनी या सोसाइटी के व्यवस्थित विकास के लिए एक सशक्त और ईमानदार कार्यकारिणी का होना अनिवार्य है। उन्होंने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए कहा कि जन सेवा की भावना ही किसी भी संगठन को ऊंचाइयों पर ले जाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सोसाइटी की समस्याओं के समाधान और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में वह अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। महापौर विकास शर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रोपोलिस एक महत्वपूर्ण सोसाइटी है। नई टीम से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वच्छता, सुरक्षा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगे। उन्होंने निवासियों से भी अपील की कि वे अपनी कार्यकारिणी का पूरा सहयोग करें ताकि सोसाइटी को आदर्श बनाया जा सके।शपथ ग्रहण के उपरांत सोसाइटी के नवनियुक्त अध्यक्ष शंकर सिंह पटवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए निवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आज आपने जो विश्वास मुझ पर और मेरी टीम पर जताया है, हम उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। हमारी प्राथमिकता सोसाइटी में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, पार्कों का सुंदरीकरण और बिजली-पानी जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। हम किसी भी भेदभाव के बिना सभी निवासियों के साथ मिलकर काम करेंगे और मेट्रोपोलिस को एक परिवार की तरह आगे ले जाएंगे।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मानेन्द्र सिंह कोश्यारी, पार्षद बीनू थे। इस दौरान भारी संख्या में सोसाइटी के निवासी सपरिवार उपस्थित रहे


## आवश्यकता है

हल्द्वानी शहर में तेज तर्रार रिपोर्टर चाहिए, वेतन योग्यतानुसार, इसके साथ ही नैनीताल, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, बाजपुर, रामनगर, काशीपुर, देहरादून, हरिद्वार व ऋशिकेष आदि स्थानों पर संवाददाताओं व मार्केटिंग के लिए अनुभवी युवक-युवतियों की शीघ्र आवश्यकता है शीघ्र सम्पर्क करें अथवा अपना बायोडाटा मेल करें।

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

मोबा. 9927213408, 8279487735


## आपका सुझाव - हमारी दिशा

प्रिय स्नेही जन

इस कॉलम के माध्यम से आप हमें यह बता सकते हैं कि 'पर्वत प्रेरणा' में आप क्या देखना चाहते हैं। कौन से मुद्दे उठाए जाएं क्या बेहतर हो, हम आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे और आपके नाम के साथ उन्हें प्रकाशित करेंगे।

हमें लिखें,भेजें ।

editordailyparvatprerna@gmail.com

WhatsApp:9927213408


**सम्पादकः सुरेश पाठक**

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी **सुरेश पाठक** द्वारा भीड़ापानी ओखलकांडा प्रिंटिंग प्रेस भोलानाथ गार्डन हल्द्वानी से मुद्रित तथा साईं कालोनी नियर साईं मन्दिर, बजूनिया हल्दू, पो. कठघरिया, हल्द्वानी नैनीताल, उत्तराखण्ड से प्रकाशित। मो. 9927213408, 8279487735

E-mail. editordaillyparvatprerna@gmail.com

# जिला प्रशासन की सार्थक पहल से शामा में चल रहा आंदोलन हुआ स्थगित

## उपजिलाधिकारी से हुई सार्थक वार्ता के बाद सुलझा गतिरोध

**-जिलाधिकारी ने पहल ही आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जिपं सदस्य और युवा नेता को जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करने का दिया था भरोसा**



**बागेश्वर,** शामा क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर पिछले कई दिनों से विभिन्न मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर चलाए गए आमरण अनशन को जिला प्रशासन की बेहतर रणनीति और जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की बेहतर प्रशासनिक नीति से आंदोलनकारियों और प्रशासन के बीच हुई। सकारात्मक वार्ता के बाद निश्चित शर्तों के आधार पर फिलहाल धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है।उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल औरआंदोलनकारियों के बीच हुई सकारात्मक एवं सार्थक वार्ता के बाद स्थानीय लोगों ने यह निर्णय लिया।

उल्लेखनीय है कि शामा जिपं सदस्य विजया कोरंगा और युवा नेता भुपेन्द्र कोरंगा के नेतृत्व में क्षेत्रीय जनता द्वारा 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा था। आंदोलनकारियों की प्रमुख10 मांगो में नौ मांगों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पूर्व में ही सहमति बन चुकी थी, जबकि मुख्य मुद्दा शामा स्थित शराब की दुकान को हटाने की मांग से संबंधित था, जिस पर सहमति बनना शेष था। रविवार को इसी विषय पर प्रशासन और जनता के बीच विस्तार से चर्चा की गई।उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलनकारियों के साथ हुई वार्ता अत्यंत संतोषजनक रही। उन्होंने कहा कि शराब की दुकान से संबंधित प्रकरण में प्रशासन द्वारा विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक एवं ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।प्रशासन द्वारा पारदर्शी जांच का आश्वासन मिलने के बाद क्षेत्रीय जनता ने एकजुट होकर फिलहाल धरना प्रदर्शन स्थगित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन उनकी शेष मांगों के समाधान हेतु भी शीघ्र प्रभावी कदम उठाएगा।वही जिपं सदस्य विजया कोरंगा और प्रमुख आंदोलनकारी भुपेन्द्र कोरंगा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी मांगो के निराकरण का भरोसा दिया गया है।जल्द यदि मांगो को पूरा नही किया गया तो पुन: जिला मुख्यालय में आंदोलन किया जाएगा।

## गंगोत्री धाम यात्रा तैयारियों की एडीएम ने की समीक्षा, 15 अप्रैल तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**उत्तरकाशी।** आगामी चारधाम यात्रा को लेकर जिला प्रशासन अंतिम तैयारियों में जुट गया है। इसी क्रम में रविवार को एडीएम मुक्ता मिश्र ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से गंगोत्री धाम यात्रा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को 15 अप्रैल तक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत व्यवस्था, ट्रांसफार्मर स्थापना, पोलों की मरम्मत एवं पेड़ों की लॉपिंग का कार्य निर्धारित समय में पूरा करने को कहा। सड़क व्यवस्थाओं को लेकर सीमा सड़क संगठन (ब्र्क्र) को चढ़ेथी में सड़क चौड़ीकरण कार्य तत्काल पूर्ण करने तथा लिमच्यागाड़ में यात्रा से पूर्व कार्य समाप्त करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा डबरानी व काली पहाड़ी क्षेत्र में सड़क समतलीकरण युद्ध स्तर पर पूरा करने तथा धराली व हर्षिल के पास मार्ग को सुगम बनाने के निर्देश भी दिए गए। वैकल्पिक मार्ग मंडी-स्यासु पुल को दुरुस्त रखने, भूस्खलन जोन पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने और जेसीबी ऑपरेटरों व तकनीकी कर्मियों की अद्यतन जानकारी रखने के निर्देश भी दिए गए। जल संस्थान द्वारा जानकारी दी गई कि यात्रा मार्ग पर 12 वाटर एटीएम, 86 हैंडपंप स्थापित किए गए हैं तथा गंगोत्री में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। एडीएम ने सभी जल स्रोतों की जीपीएस लोकेशन उपलब्ध कराने और नियमित क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने को कहा। स्वच्छता व्यवस्थाओं के तहत 32 स्थानों पर 118 अस्थायी एवं 282 स्थायी शौचालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 62 पर्यावरण मित्र तैनात हैं। एडीएम ने सभी शौचालयों में पानी की समुचित व्यवस्था एवं अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 अप्रैल तक चेक पोस्टों पर स्वास्थ्य टीमें तैनात करने, डॉक्टरों का रोस्टर जारी करने तथा एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई।बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों का भरोसा दिलाया।

## भदूरा पट्टी के तिनवाल गांव में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध



**लंबगांव( पर्वत प्रेरणा संवाददाता )।** प्रतापनगर विकासखंड की भदूरा पट्टी अंतर्गत ग्राम पंचायत तिनवाल गांव में नशा मुक्त जनमोर्चा के बैनर तले एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष कृपाल सिंह राणा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से नशा मुक्ति कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मंजू देवी को अध्यक्ष, देवा देवी को उपाध्यक्ष, रजनी देवी को कोषाध्यक्ष तथा विनीता देवी को सचिव चुना गया।कार्यकारिणी गठन के बाद नशा मुक्त मोर्चा के संयोजक देवी सिंह पंवार एवं सह-संयोजक राजपाल राणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एक अहम निर्णय लिया। निर्णय के अनुसार अब गांव में मेहंदी, शादी समारोह, चूड़ाकर्म सहित किसी भी मांगलिक कार्यक्रम में शराब नहीं परोसी जाएगी।ग्रामीणों ने यह भी तय किया कि यदि कोई परिवार इस नियम का उल्लंघन करता है, तो उस पर 31 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही उस परिवार के सामाजिक कार्यक्रमों का बहिष्कार भी किया जाएगा।बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राकेश राणा, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष यशपाल राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समाज को नशे की बुराई से मुक्त करना और नई पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देना है।

# नवप्रवेश उत्सव- भव्य स्वागत से गूंजा गुरुकुल परिसर

**अंकित उनियाल**



**पौड़ी।** भुवनेश्वरी स्थित ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों का प्रवेश उत्सव पारंपरिक गरिमा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह आध्यात्मिक वातावरण में रंगा नजर आया।

नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत ढोल-दमाऊ, शंखनाद और घंटियों की पवित्र ध्वनि के बीच वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। तिलक और माल्यार्पण कर छात्रों का अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा गुरुकुल परिसर उत्सवमय हो उठा। विद्यालय की परंपरा के अनुरूप सभी नए छात्रों का सामूहिक स्वागत किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।

विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र जुयाल ने सभी नवप्रवेशित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद सुंदरियाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस प्रतिष्ठित गुरुकुल में अध्ययन का अवसर मिला है, जो उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, समर्पण और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

छात्रावास अधीक्षक नवीन जुयाल ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश के लिए हर वर्ष दिल्ली, देहरादून और कोटद्वार सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र आवेदन करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की अनुशासित दिनचर्या, समर्पित शिक्षण प्रणाली और उत्कृष्ट परिणाम ही इसकी लोकप्रियता का मुख्य कारण हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे पिछले तीन दशकों से अधिक समय से छात्रावास में रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

अध्यापक डॉ. नवीन ममगाईं और डॉ. अनूप कुकरेती ने जानकारी दी कि इस वर्ष 50 से अधिक छात्रों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया, लेकिन सीमित आवासीय सुविधाओं के कारण केवल 31 छात्रों को ही प्रवेश दिया जा सका। उन्होंने विद्यालय की बढ़ती लोकप्रियता को पूरे शिक्षण परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य शिक्षकों कमलदीप पोखरियाल, ईशान डोभाल, आशीष डबराल, नीरज पटवाल और अंकित मैठानी ने भी छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित दिनचर्या अपनाने और शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रशासन ने उन्हें आश्वस्त किया कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। परंपरा, अनुशासन और संस्कारों से ओत-प्रोत यह नवप्रवेश उत्सव विद्यार्थियों के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक बन गया।

## पुलिस ने 2 स्मैक तस्करों को किया गिरफ्तार, 9.04 ग्राम अवैध नशा बरामद

**उत्तरकाशी( पर्वत प्रेरणा संवाददाता )।** अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली उत्तरकाशी व एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीती रात लगभग 12 बजे मनेरा बाईपास स्थित ऋषिराम स्कूल के पास चेकिंग के दौरान शुभम (28 वर्ष) व विनोद लाल (36 वर्ष), दोनों निवासी ज्ञानसू, को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से क्रमश: 4.73 ग्राम व 4.31 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 9.04 ग्राम बताई गई है। बरामद नशे की कीमत लगभग 90 हजार रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तारी के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ छ्वक्र-घ्ह्र की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विनोद के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामला दर्ज है और दोनों के अन्य आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय के निर्देश पर ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।पुलिस के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 9 मामलों में 12 तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही 6 किलोग्राम से अधिक चरस व 9.04 ग्राम स्मैक बरामद की गई है तथा 4 तस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 12वें दिन भी धरना जारी

**( पर्वत प्रेरणा संवाददाता )**



**उत्तरकाशी।**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने विकास भवन परिसर में प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

धरना-प्रदर्शन से पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनकी मांगों पर लंबे समय से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे उनमें रोष व्याप्त है।

कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में प्रतिदिन मानदेय में 140 रुपये की वृद्धि तथा केंद्र सरकार के अनुरूप 150 रुपये बढ़ोतरी का प्रस्ताव लागू करना शामिल है। इसके अलावा बिना किसी अतिरिक्त अर्हता के सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपये की धनराशि देने संबंधी शासनादेश जारी करने की भी मांग की गई।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का भी विरोध करते हुए कहा कि उन्हें इससे न जोड़ा जाए।

धरने में मौजूद कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस दौरान अध्यक्ष विजयलक्ष्मी नौटियाल, वंदना नौटियाल, सुमित्रा, संगीता सेमवाल, लकड़ी देवी, कुसुम मेहर सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## भ्रम के जाल में फंसा एचपीवी टीकाकरण

**बागेश्वर।** सर्वाइकल कैंसर से बालिकाओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में चलाया जा रहा एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा है। जागरूकता की कमी और फैली भ्रांतियों के चलते अब तक महज 53 बालिकाओं को ही टीका लगाया जा सका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रमोद सिंह जंगपांगी ने बताया कि इस विशेष अभियान की शुरुआत 28 फरवरी से की गई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर अभिभावकों एवं छात्राओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए एचपीवी टीका एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करता है। इसके बावजूद लोगों में फैली गलत धारणाएं और जानकारी का अभाव अभियान की राह में बाधा बन रहे हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से आधी आबादी को मिलेगा हक- मेयर

## भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली बाईक रैली





**पिथौरागढ़।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदर्भ में होटल होली डे होम में भाजपा महिला मोर्चा ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में नगर निगम की मेयर कल्पना देवीलाल, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा तथा महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी उपस्थित रहीं। प्रेस वार्ता में मेयर देवलाल, भाजपा प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा और महिला मोर्चा ने बताया कि यह अधिनियम देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई गति मिली है। दशकों से लंबित इस विधेयक द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। यह आरक्षण एससी एसटी वर्ग की महिलाओं के लिए भी लागू होगा। यह कानून भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे युवा महिलाओं के लिए राजनीति में आने का मार्ग प्रशस्त होगा। दीपिका बोहरा ने कहा कि सभी दलों को मिलकर इस ऐतिहासिक विधेयक का समर्थन करना चाहिए। तत्पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी के निर्देशन पर भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में एक विशाल बाईक रैली का आयोजन किया गया।

रैली में भाजपा प्रदेश मंत्री दीपिका बोहरा, मेयर कल्पना देवलाल, महिला मोर्चा प्रभारी मनोज कुमार, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष माला सौन, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक लोहिया, मनीष धर्मशक्तु, बहादुर लोहिया, जिला महामंत्री महिला मोर्चा गीता दिगारी, शोभा भट्ट, नगर मंडल अध्यक्ष पुष्पा सौन, बिण मंडल अध्यक्ष उषा तिवारी, जिला मंत्री भावना सौन, कुसुम मेहता, कोषाध्यक्ष चन्द्रकला सौन, कार्यालय मंत्री भावना राणा, नगर मंडल महामंत्री श्वेता बिष्ट, गोदावरी बोरा आदि मौजूद थे।

# सज्जन लाल मेमोरियल सोसाइटी ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## डॉ. शशि फिरमाल ने किया स्वास्थ्य परीक्षण




**पिथौरागढ़।** डॉ. शशि फिरमाल (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन, फिरमाल क्लिनिक, कैंट रोड जाखनी, पिथौरागढ़) के विशेष सहयोग से गांव तायल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया एवं मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में लगभग 48 से अधिक लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। गांव के लोग बुखार, सर्दी जुकाम, घुटने में दर्द, मधुमेह, रक्तचाप आदि से पीड़ित थे। जिनका डॉ. शशि फिरमाल क्लिनिक द्वारा निशुल्क उपचार किया गया। सज्जन लाल मेमोरियल सोसाइटी के संस्थापक कमल किशोर ने डॉ. शशि फिरमाल, फिरमाल क्लीनिक के स्टाफ, ग्राम प्रधान किशोर कुमार एवं बीडीसी मेंबर कमल कांत लोहिया आदि का हृदय से आभार व्यक्त किया। डॉ. शशि फिरमाल पिछले एक वर्ष से सज्जन लाल मेमोरियल सोसाइटी के साथ मिलकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपना विशेष योगदान दे रही हैं, गांव वालों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रचार प्रसार कर रही हैं।

## आदित्य सौन जिलाध्यक्ष, मनोज सामन्त व राजू फिरमाल बने उपाध्यक्ष

**पिथौरागढ़।** हिंदू युवा वाहिनी की प्रदेश स्तरीय बैठक में कई जिलों में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। इसी क्रम में पिथौरागढ़ जनपद जिलाध्यक्ष आदित्य सौन को नियुक्त किया गया?। जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मनोज सामंत व राजू फिरमाल को सौंपी गई। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आदित्य सौन ने कहा कि उनका लक्ष्य जिले की हर तहसील और विकासखंड में अभियान चलाकर ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ना है। हिंदुत्व विरोधी गतिविधियों का पूरी मुखरता से विरोध किया जाएगा तथा गौवंश की रक्षा के लिए कार्य किया जाएगा। आदित्य, मनोज और राजू की इस उपलब्धि पर उन्हें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य बिरेंद्र बोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश पंत, सोनम पांडेय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष मनोज सामन्त आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।




# जगत सिंह खाती ने डीएम और लोनिवि के अधीक्षण अभियंता को दिया ज्ञापन

## चंडिका घाट पुल व सड़क बनाने की उठाई मांग



**पिथौरागढ़।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता जगत सिंह खाती ने जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं और लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर चंडिका घाट में स्वीकृत पुल में आई हुई दिक्कतों का संज्ञान लेने तथा तुलानी से चंडिका घाट तक प्रस्तावित 4 किलोमीटर सड़क को वन अधिनियम से मुक्त करने की मांग की है।

जगत सिंह खाती दो दशक से अधिक समय से चंडिका घाट और आंवला घाट सड़क और पुल बनाने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं को बताया कि प्रति पूर्वक वनीकरण की प्रक्रिया न होने के कारण पुल तथा सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है। पुल और सड़क निर्माण के लिए जो पेड़ काटे जाने हैं उनकी प्रतिपूर्ति के दूसरी जगह पेड़ लगाए जाने हैं। इसके अभाव में पुल तथा रोड निर्माण का कार्य अटका हुआ है। जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाईं ने जगत सिंह खाती के ज्ञापन को संज्ञान में लेकर लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग तथा वन विभाग को शीघ्र इस मामले को सुलझाने के निर्देश दिए हैं। वन अधिनियम के अनुसार जितनी जगह पर पुल और सड़क निर्माण के कारण वृक्ष काटे जाने हैं उतने ही पेड़ों की भरपाई के लिए गैर वन भूमि में वृक्षारोपण किया जाना है। यह कार्य अभी तक नहीं हो पाया है जिस वजह से 4 किलोमीटर सड़क वन अधिनियम से मुक्त नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी ने तीनों विभागों को निर्देश दिए हैं कि इस प्रक्रिया को तत्काल पूरा किया जाए और 4 किलोमीटर सड़क वन अधिनियम से मुक्त करवाकर निविदा लगाने की अग्रिम कार्यवाही की जाए।

# भुजान में शराब की दुकान के खिलाफ उबाल, ग्रामीण लामबंद

**रानीखेत (अल्मोड़ा)।** भुजान क्षेत्र में प्रस्तावित देशी शराब की दुकान को लेकर जनविरोध लगातार तेज होता जा रहा है। पहले महिलाओं द्वारा शुरू किया गया विरोध अब व्यापक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। विभिन्न गांवों के पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण खुलकर इसके खिलाफ उतर आए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि क्षेत्र में शराब की दुकान खोली गई, तो वे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। इस संबंध में आसपास के गांवों के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अल्मोड़ा और रानीखेत विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन भेजकर अपना विरोध दर्ज कराया है।पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि क्षेत्र में शराब की दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ेगा और इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव स्कूली बच्चों और युवाओं पर पड़ेगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पूर्व में पातली क्षेत्र में जनविरोध के चलते शराब की दुकान का प्रस्ताव निरस्त किया जा चुका है। ऐसे में भुजान में इसे खोलने का प्रयास जनभावनाओं के विपरीत है। ज्ञापन में ग्राम प्रधान तिपोला विक्रम सिंह माहरा, प्रधान चापड़ आशा देवी, प्रधान मुसोली सुमन, प्रधान विशालकोट नीमा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य महिपाल सिंह बिष्ट, प्रधान टूनाकोट नवीन मेहरा समेत अनेक जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के हस्ताक्षर शामिल हैं। दूसरी ओर, प्रस्तावित दुकान के संचालक कुबेर सिंह ने विरोध को निराधार बताया है। उन्होंने राजस्व उपनिरीक्षक के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित है, जिसका कभी विरोध नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि देशी शराब की दुकान के विरोध के पीछे कुछ शराब तस्कर और उनके सहयोगी सक्रिय हैं, जो लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस विरोध के चलते सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया ऐतिहासिक कदम




**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा किरन पंत मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहीं। अपने संबोधन में किरन पंत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है, जिससे नीति निर्धारण और नेतृत्व में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ा रही है। आज महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि देश के विकास की अग्रणी भागीदार बन चुकी हैं।

किरन पंत ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान से महिलाओं की गरिमा को मजबूती मिली है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, जन धन योजना और मुद्रा योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि आयुष्मान भारत योजना, मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 112 और वन स्टॉप सेंटर जैसी पहलें महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुई हैं। भाजपा सरकार ने महिलाओं को अवसर, सम्मान और नेतृत्व प्रदान किया है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी पर प्रकाश डाला और कहा कि भाजपा इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

पत्रकार वार्ता में पूनम पालीवाल (जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा), कविता साह (जिला महामंत्री), कमला तिवारी (नगर अध्यक्ष, महिला मोर्चा) और ममता शाह (नगर महामंत्री) सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांडाधार-धपोली मार्ग चौड़ीकरण को मिली रफ्तार

**बागेश्वर।** एनएच 309ए के कांडाधार से धपोली तक चौड़ीकरण कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने दूसरे पैकेज के तहत 1.34 अरब रुपये की लागत से सड़क के कायाकल्प की तैयारी पूरी कर ली है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब केंद्र सरकार से अंतिम स्वीकृति का इंतजार है। वर्तमान में संकरी सड़क होने के कारण इस मार्ग पर आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। चौड़ीकरण के बाद सड़क दोगुनी चौड़ी होगी, जिससे पिथौरागढ़ की ओर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी और सफर सुरक्षित व सुगम होगा। एनएच विभाग ने निर्माण एजेंसी का चयन कर लिया है। ठेकेदार की ओर से केंद्र सरकार को लेटर ऑफ क्लीयरेंस के लिए पत्र भेजा जा चुका है। विभाग को उम्मीद है कि अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह तक स्वीकृति मिलते ही मशीनों के जरिए कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# 79 साल बाद भी जमीन से बेदखल: बिंदुखत्ता के एक लाख लोग अब पूछ रहे—हमारे साथ ऐसा क्यों?

**विशेष संवाददाता**
**बसंत पांडे/पर्वत प्रेरणा ब्यूरो।**

**लालकुआं।** नैनीताल जिले के लालकुआं क्षेत्र स्थित बिंदुखत्ता की करीब एक लाख आबादी आज भी अपनी ही जमीन पर वैध मालिकाना हक के लिए संघर्ष कर रही है। आज़ादी के 79 साल और उत्तराखंड राज्य गठन के 26 वर्ष बाद भी यह क्षेत्र राजस्व गांव का दर्जा पाने से वंचित है, जिससे लोगों में गहरा आक्रोश और असंतोष व्याप्त है। देशभर में के तहत 1700 से अधिक वन गांवों को राजस्व गांव में परिवर्तित किया जा चुका है और करोड़ों हेक्टेयर भूमि को वैधानिक दर्जा मिल चुका है। उत्तराखंड में भी अब तक 6 गांवों को यह दर्जा मिल चुका है, लेकिन बिंदुखत्ता को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

हाल ही में गौलापार सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री के बुलावे पर वन अधिकार संगठन और पूर्व सैनिक संगठनों का शिष्टमंडल अपनी मांगों को लेकर पहुंचा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने प्रतिनिधिमंडल पर सरकार विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाते हुए तीखी टिप्पणी की। पूर्व सैनिक इंद्र सिंह पनेरी द्वारा सवाल उठाए जाने पर विधायक ने कथित तौर पर कहा तुम्हारे बाप की जमीन है क्या?। इस बयान के बाद क्षेत्र में आक्रोश और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी बाढ़ पीड़ितों, महिलाओं और संगठनों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आ चुकी हैं।



बिंदुखत्ता का मामला लंबे समय से कानूनी और प्रशासनिक उलझनों में फंसा हुआ है। वर्ष 1964-65 में बिना स्पष्ट सीमांकन और प्रक्रिया के इस क्षेत्र को रिजर्व फॉरेस्ट घोषित कर दिया गया था। सूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर वन विभाग मूल पत्रावली तक उपलब्ध नहीं करा सका। अब सवाल यह उठता है कि जब मूल दस्तावेज ही उपलब्ध नहीं हैं, तो उस आधार पर लिए गए निर्णय की वैधता क्या है? और वर्तमान में राजस्व गांव बनाने में आखिर अड़चन कहां है? प्रदेश सरकार द्वारा 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' जैसे कार्यक्रम चलाए गए, लेकिन बिंदुखत्ता को इनसे अलग रखा गया। फरवरी माह में भाजपा नेताओं द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आश्वासन भी लिया गया, लेकिन अब तक न कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही स्पष्ट समयसीमा तय की गई।

जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा अधिसूचना के लिए भेजी गई पत्रावली को उच्च स्तर से वापस कर दिया गया, जिससे प्रक्रिया और उलझ गई है। एक ही राज्य में एक ही कानून के लिए अलग-अलग प्रक्रिया अपनाने से भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

भूमि के वैध दस्तावेज न होने के कारण स्थानीय लोग बैंकिंग सुविधाओं से वंचित हैं और निजी वित्त कंपनियों के जाल में फंसने को मजबूर हैं। 20 से 24 प्रतिशत तक ब्याज दर वसूली जा रही है। ग्रुप फाइनेंसिंग के नाम पर शोषण की शिकायतें आम हैं। हाल ही में एक महिला द्वारा कर्ज के बोझ के चलते आत्महत्या का मामला भी सामने आया, जिसने स्थिति की गंभीरता को उजागर कर दिया है।

## अब आंदोलन की राह: 4 मई से तीन दिवसीय अनशन

बिंदुखत्ता के संगठनों और पूर्व सैनिकों ने 4, 5 और 6 मई 2026 को तीन दिवसीय क्रमिक अनशन का ऐलान किया है। पहले दो दिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ खुली चर्चा होगी, जबकि तीसरे दिन विशाल जनसभा में आगे की रणनीति तय की जाएगी। जब देश के अन्य हिस्सों और यहां तक कि उत्तराखंड के अन्य गांवों को भी वन अधिकार कानून के तहत अधिकार मिल चुके हैं, तो बिंदुखत्ता को बार-बार क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है?अब बिंदुखत्ता के लोग एक ही सवाल पूछ रहे क्या आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी हमें अपने ही घर में अधिकार नहीं मिलेगा?

# 45 दिन बाद पहुंची गैस गाड़ी

## डीएससी नंबर के अभाव में दर्जनों उपभोक्ता लौटे निराश

**धौलछीना।** करीब 45 दिन बाद धौलछीना क्षेत्र में गैस की गाड़ी पहुंचने से जहां एक ओर उपभोक्ताओं में राहत की उम्मीद जगी, वहीं डीएससी नंबर न मिलने के कारण दर्जनों लोग बिना सिलेंडर लिए ही निराश लौटने को मजबूर हो गए। गैस वितरण की प्रक्रिया सुबह 8:00 बजे से शुरू होकर रात 8:00 बजे तक चली, लेकिन इसके बावजूद कई उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल सकी।

बूंगा, कसानबैंड और धौलछीना क्षेत्रों में गैस का वितरण किया गया। लंबे इंतजार के चलते बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही गैस वाहन के पास जुट गए थे। कई उपभोक्ता देर रात तक सिलेंडर मिलने की आस में डटे रहे, लेकिन डीएससी नंबर अनिवार्य होने के कारण उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

डीएससी नंबर न होने से परेशान उपभोक्ताओं ने कुछ समय के लिए गैस वाहन को भी रोक दिया और अपनी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि लंबे समय बाद गैस की आपूर्ति होने के बावजूद तकनीकी कारणों से उन्हें वंचित रहना पड़ा, जो बेहद निराशाजनक है।

स्थिति को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। जिलाधिकारी और स्थानीय विधायक द्वारा जल्द ही दोबारा गैस वाहन भेजने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद उपभोक्ता शांत हुए और मामला नियंत्रित हो सका।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भविष्य में गैस वितरण व्यवस्था को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि किसी भी उपभोक्ता को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## ट्रेन की चपेट में आकर राहगीर की मौत

**रुद्रपुर।** काठगोदाम से दिल्ली जा रही संपर्क क्रांति ट्रेन की चपेट में आकर एक राहगीर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर समाजसेवी सुशील गाबा, जीआरपी और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार आज प्रातः काठगोदाम से दिल्ली के लिए संपर्क क्रांति आ रही थी। रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के समीप एक राहगीर पटरी के किनारे किनारे जा रहा था कि तभी वह ट्रेन के अगले हिस्से की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत गई। सूचना मिलने पर जीआरपी, एम्बुलेंस समेत तमाम लोग वहां पहुंचे और शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि कई बार यह जागरूकता अभियान चलाया गया है कि कोई भी राहगीर रेलवे पटरी के किनारे ना चले और पूरी तरह से सावधान रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे हादसे बेहद दुखद होते हैं जिससे कि एक परिवार ही समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा की जो व्यक्ति हादसे का शिकार हुआ है देखने में वह एक अच्छे परिवार का व्यक्ति लग रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## वुडबॉल महिला एवं पुरुष का द्वितीय चरण ट्रायल रुद्रपुर में

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** वुडबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में 14 से 17 मई 2026 तक रायपुर,छत्तीसगढ़ में आयोजित 20 वीं सीनियर महिला पुरुष तथा 14 वीं जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखण्ड की सीनियर महिला/पुरुष वर्ग एवं जूनियर वर्ग बालक बालिका अंडर-19 हेतु 14अप्रैल 2026 प्रातः 10:00 बजे रुद्रा लायन क्रिकेट अकादमी जैन ग्लोबल स्कूल रुद्रपुर में उत्तराखण्ड टीम का चयन ट्रायल रखा जा रहा है। जिसमें से सीनियर एवं जूनियर वर्ग अंडर-19 के खिलाड़ियों का चयन उत्तराखंड की महिला एवं पुरुष टीम में किया जाएगा जो उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में करेंगे। ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अथवा टीम शीघ्र अति शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले। जूनियर वर्ग बालक बालिका वर्ग हेतु खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2007 से पूर्व ना हुआ हो खिलाड़ी को आयु प्रमाण पत्र हेतु अपना आधार कार्ड की एक प्रति लानी अनिवार्य है सभी खिलाड़ियों को खेल की वेशभूषा में आना है अन्य जानकारी हेतु लोकेश चंद पांडे व योगेश पांडे से संपर्क किया जा सकता है यह जानकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा (कोऑर्डिनेटर) चयन समिति ने दी।

## 2500 किमी दूर तमिलनाडु से नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**सितारगंज।** उत्तराखंड की सितारगंज पुलिस ने 9 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ के मामले में फरार आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी, जो पीड़िता का रिश्ते में फूफा बताया जा रहा है, घटना के बाद से फरार चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शक्तिफार्म क्षेत्र की एक महिला ने 19 फरवरी को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मध्यप्रदेश में रहकर कार्य करती है, जबकि उसकी 9 वर्षीय पुत्री शक्तिफार्म में अपने पिता व दादा-दादी के साथ रहती है। महिला के अनुसार, 6 फरवरी को उसकी पुत्री ने फोन पर रोते हुए बताया कि उसके फूफा गोपाल भट्टाचार्य ने उसके साथ अनुचित हरकत की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया। क्षेत्राधिकारी बीएस धौनी के अनुसार, पुलिस टीम लगातार सर्विलांस के माध्यम से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर रही थी। इसी क्रम में आरोपी की लोकेशन तमिलनाडु के अलंदुरई कोयम्बटूर क्षेत्र में मिली। 10 अप्रैल को पुलिस टीम ने वहां छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर उत्तराखंड लाकर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## कच्ची दीवार तोड़ दिनदहाड़े चोरी, लाखों के जेवर व नकदी ले उड़े चोर

**पर्वत प्रेरणा संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए कच्ची दीवार तोड़कर लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जय नगर पिपलिया निवासी सत्यजीत बैरागी अपने परिवार के साथ रविवार को निर्मलनगर गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने घर की बाहरी कच्ची दीवार तोड़ दी और अंदर घुस गए। घर लौटने पर परिजनों ने देखा कि अलमारी का लॉकर टूटा हुआ है और कमरे में सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है। पीड़ित के अनुसार, चोर डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण सहित करीब 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वैश्विक युद्धों में भारत का रुख संतुलित: दीपिका



## केरल, असम, तमिलनाडु व बंगाल में आएगी भाजपा

**पिथौरागढ़।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने कहा कि पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के ईरान से चल रहे युद्ध और रूस तथा यूक्रेन में चल रहे युद्ध में भारत का रूख बहुत संतुलित बना हुआ है।

भारत ने प्रारम्भ से ही गुटनिरपेक्ष वाद की नीति का पालन किया है। भारत के सम्बन्ध ईरान से भी अच्छे बने हुए हैं और अरब देशों तथा इजराइल से भी भारत के सम्बन्ध अच्छे हैं। भारत ने हमेशा वैश्विक शांति का समर्थन किया है और भारत देशों के बीच चल रहे युद्धों का समर्थन करने के बजाय आपसी मतभेदों को बातचीत से हल करने का पक्षधर रहा है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात पूरी दुनिया ही उसका परिवार है और विश्व बंधुत्व अर्थात वैश्विक भाईचारे की भावना का समर्थक रहा है।

अरब देशों के साथ साथ इजराइल और अमेरिका से भी भारत के हित जुड़े हुए हैं। मोदी सरकार सभी राष्ट्रों की संप्रभुता का समर्थन करती है। दीपिका बोहरा ने आगे कहा कि केरल, असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हो रहे चुनाव में भाजपा जीतेगी और उसकी सरकार बनेगी। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके के व्यक्ति को प्राप्त हुआ है। भाजपा इन चुनावों में बहुमत प्राप्त करके सत्ता में आने जा रही है। देश की आधी आबादी अर्थात महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। मोदी सरकार ने सन 2014 से ही महिलाओं को अपनी योजनाओं में केंद्र में रखा है। केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं से गांव के अंतिम छोर का गरीब व्यक्ति लाभान्वित हुआ है।

# ओपन प्राइजमनी मैत्री कैरम प्रतियोगिता अब अपने चरम रोमांच पर

**अल्मोड़ा।** खजाँची मोहल्ले में आयोजित ओपन प्राइजमनी मैत्री कैरम प्रतियोगिता अब अपने चरम रोमांच पर पहुँच चुकी है। पिछले दो सप्ताह से लगातार चल रही इस प्रतियोगिता ने पूरे क्षेत्र में खेल के प्रति नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया है। प्रतिदिन शाम को बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवा खिलाड़ी एवं वरिष्ठजन प्रतियोगिता स्थल पर पहुँचकर मुकाबलों का आनंद ले रहे हैं। कैरम बोर्ड के चारों ओर उमड़ती भीड़, तालियों की गूंज और खिलाड़ियों का आत्मविश्वास इस आयोजन को एक उत्सव का रूप दे रहा है।

वर्तमान में प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिनमें खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। हर मुकाबला रणनीति, धैर्य और सटीक निशानेबाजी का बेहतरीन उदाहरण बनकर सामने आ रहा है। आज खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शरद और राजा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजेश और उमेश की जोड़ी को 29-25 के अंतर से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मुकाबला शुरुआत से ही बेहद कड़ा और रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने एक-एक अंक के लिए संघर्ष किया और कई बार स्कोर बराबरी पर पहुंच गया। निर्णायक क्षणों में शरद और राजा की जोड़ी ने संयम बनाए रखते हुए सटीक शॉट लगाए और अंतिम दौर में बढ़त हासिल कर जीत अपने नाम कर ली।

राजेश और उमेश की जोड़ी ने भी पूरे मैच में शानदार तालमेल और अनुभव का प्रदर्शन किया। कई बेहतरीन कट और बोर्ड क्लियर शॉट्स के माध्यम से उन्होंने मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा, लेकिन अंत में मामूली अंतर से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले के बाद दोनों टीमों ने खेल भावना का परिचय देते हुए एक-दूसरे को बधाई दी, जिसे दर्शकों ने सराहा।

प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक विनीत बिष्ट ने कहा कि इस मैत्री कैरम प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना और समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि पिछले दो सप्ताह से जिस प्रकार युवाओं और स्थानीय नागरिकों का सहयोग मिला है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फाइनल मुकाबला भी उतना ही रोमांचक होगा और विजेता एवं उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। निर्णायकों के रूप में हर्षवर्धन वर्मा, राजेश पांडे, मनीष वर्मा, फिरोज अंसारी, राजेश साह, रोहित साह एवं पंकज वर्मा ने निष्पक्षता और अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। वहीं स्कोरर की भूमिका में परीक्षित साह और कंचन बिष्ट ने सटीक अंक तालिका का संचालन कर प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित बनाए रखा।

इस अवसर पर वरिष्ठ कैरम खिलाड़ियों और गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अतिथि के रूप में शरद कन्नौजिया, दीपक वर्मा, अभय साह, राजेश साह, हेम साह, मनोज साह, ललित मोहन साह, संजय वर्मा (टैनी), राकेश साह, चंदन गैड़ा, किशन साह, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुशील साह, कपिल सहगल, दीपक अग्रवाल, विवेक वर्मा, प्रशांत वर्मा, हर्षवर्धन साह, धीरज साह, शरद गुरुरानी, अमन अहमद, सुभाम अहमद, अनिल बिष्ट, अभय साह, अमित साह सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की।

अब सभी की निगाहें आगामी फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं।

# नाटाडोल में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर ऐतिहासिक कार्यक्रम



**अल्मोड़ा।** जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के नाटाडोल में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा प्रदेश मंत्री गौरव पांडेय के नेतृत्व में एक भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों लोग मौजूद रहे, जिससे पूरा क्षेत्र जनसैलाब में बदल गया और जनसमर्थन का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान गौरव पांडेय ने क्षेत्र की बहनों को पारंपरिक भिटोली भेंट कर सामाजिक समरसता, सम्मान और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने का संदेश दिया। इस पहल से महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया। अपने संबोधन में गौरव पांडेय ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और उनका जीवन हमें समानता, अधिकार और न्याय के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वे जागेश्वर क्षेत्र के विकास, युवाओं के सशक्तिकरण और हर वर्ग के सम्मान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे इस भव्य आयोजन ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया कि क्षेत्र की जनता में गौरव पांडेय के प्रति गहरा विश्वास और समर्थन है। उनकी साफ-सुथरी छवि, सरल स्वभाव और युवाओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता उन्हें जागेश्वर विधानसभा से एक मजबूत और प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित कर रही है। कार्यक्रम के अंत में गौरव पांडेय ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव जनता के बीच रहकर उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष त्रिलोक राम , जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पूनम पालीवाल , नरेंद्र बिष्ट , अनुसूचित मोर्चा महामंत्री सुरेश , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन बजेठा , हेम त्रिकोटी बीजेपी महामंत्री खोलिया उपाध्यक्ष प्रकाश त्रिकोटी ,ग्राम प्रधान नाटाडोल मीना त्रिकोटी , ग्राम प्रधान भांगादेवली अनीता आर्या जी, सरपंच वन पंचायत नाटाडोल भागुली देवी , संयोजित शक्ति केंद्र मेरगांव महेंद्र सिंह मेर , क्षेत्र पंचायत नाटाडोल किरन आर्या बूथ अध्यक्ष नाटाडोल प्रेम सिंह , रमेश भट्ट ,दिनेश भट्ट , सुनील नैनवाल हरीश त्रिकोटी,वीरेंद्र सिंह नयाल जी, कैलाश बड़ोला , दुर्गा सिंह , ललित आर्या विजय सिंह,रतन सिंह रोचक सिंह आदि सम्मानित जन मौजूद रहे ।

# ज्ञान और शक्ति का अद्भुत संगम थे भगवान परशुराम : मिश्रा

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**जिला संवाददाता पर्वत प्रेरणा**

**रुद्रपुर।** श्री मनकामेश्वर मंदिर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, उत्तराखंड द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जहां सभी अतिथियों ने भगवान परशुराम के चरणों में नमन किया और समाज की एकता और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारा सनातन धर्म आदि अनादि काल से चला आ रहा है। हमारे ऋषि मुनियों ने जो मार्ग दुनिया को दिखाया पूरी दुनिया उसी पर चल रही है ।




कोई भी जाति धर्म पंथ सनातन धर्म से सही शिक्षा लेता है जो गणना हमारे वेद और पुराणों में आज से हजारों वर्ष पूर्व की गई है। आज विज्ञान भी वहां तक नहीं पहुंच पाया है। मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम शौर्य , शक्ति और साहस की प्रतिमूर्ति थे। भगवान परशुराम शस्त्र विद्या के ज्ञाता थे।

उन्होंने भगवान शिव से युद्ध कला सीखी और भीष्म, द्रोणाचार्य जैसे महान योद्धाओं को धनुर्विद्या सिखाई। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को आठ चिरंजीवियों में से एक माना जाता है जो आज भी पृथ्वी पर विद्यमान है। वह तपस्वी, ज्ञानी और परम क्रोधी स्वभाव के थे जिन्होंने हमेशा अन्याय के खिलाफ शक्ति का प्रयोग किया। भगवान परशुराम को ज्ञान और शक्ति का अद्भुत संगम माना जाता है इस दौरान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, विकास मिश्रा, अनिल शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, विराट आर्य, बीडी शर्मा, साधना शर्मा, बीना तिवारी समेत ब्राह्मण समाज के तमाम लोग मौजूद थे।

# 4627 ने दी परीक्षा परीक्षा

**अल्मोड़ा।** संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) तथा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौसेना अकादमी परीक्षा के लिए जनपद अल्मोड़ा में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें सी डी एस में कुल 3099 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 2038 छात्रों ने परीक्षा दी 1061 अनुपस्थित रहे वही एनडीए में कुल 3568 छात्र पहुंच गए थे जिनमें से 2589 ने परीक्षा दी 976 अनुपस्थित थे।

# सड़क पर सामान फैलाने पर ठेकेदार का 10 हजार का चालान

**अल्मोड़ा।** धारानौला क्षेत्र में सड़क मार्ग पर निर्माण सामग्री रखकर आवाजाही बाधित करने वाले एक ठेकेदार के विरुद्ध पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की है। सार्वजनिक मार्ग का अतिक्रमण कर दुर्घटना की आशंका पैदा करने पर पुलिस ने संबंधित ठेकेदार का 10,000 रुपये (दस हजार रुपये) का चालान काटा और तत्काल मौके से सामग्री हटवाकर यातायात सुचारू कराया। चन्द्रशेखर घोडके, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा के निर्देशन में जनपद में जनसुविधा, सुचारू यातायात और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रविवार, को पुलिस टीम द्वारा धारानौला क्षेत्र में सघन चेकिंग की गई।चेकिंग के दौरान पाया गया कि तल्ला दन्या, धारानौला निवासी ठेकेदार सिराजुद्दीन ने मुख्य सड़क मार्ग पर निर्माण सामग्री का ढेर लगा रखा था। इससे न केवल आम जनता को आवाजाही में भारी असुविधा हो रही थी, बल्कि व्यस्त मार्ग होने के कारण दुर्घटना का भी गंभीर खतरा बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की। इस कार्यवाही को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी धारानौला आनंद बल्लभ कश्मीर और अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे। अल्मोड़ा पुलिस ने ठेकेदार को सख्त चेतावनी दी है कि भविष्य में सार्वजनिक मार्ग या सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया, तो इससे भी कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने आम जन से भी अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सार्वजनिक रास्तों को बाधित न करें।

# फायर स्टेशन लोहाघाट का एबट माउंट मे अग्नि सुरक्षा का निरीक्षण

**लोहाघाट।** मुख्यालय अग्निशमन एवं आपात सेवा देहरादून तथा पुलिस अधीक्षक चंपावत के निर्देश के अनुपालन में मुख्य अग्निशमन अधिकारी उधमसिंहनगर एवं चंपावत के नेतृत्व में एबट माउंट लोहाघाट में बनी कॉटेज का अग्निसुरक्षा निरीक्षण किया गया। फायर टीम के द्वारा समस्त अग्निशमन उपकरणों होजरील,फायर हाइड्रेंट आदि की जांच की गई।केएमवीएन कर्मचारियों को उपकरणों के संचालन की विधि से अवगत कराया गया।उपकरणों के रखरखाव एवं अग्निसुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



# बिना सत्यापन होटल कर्मचारी रखने पर होटल मालिक का दस हजार का चालान

**बाराकोट।** एसपी चंपावत रेखा यादव के द्वारा जनपद में बिना सत्यापन के रह रहे किरायेदारों व ऐसे मकान व होटल मालिकों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। एसपी चंपावत के निर्देश पर सीओ देवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण एवं अशोक कुमार प्रभारी थानाध्यक्ष लोहाघाट के नेतृत्व में थाना लोहाघाट पुलिस टीम द्वारा बाराकोट क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक होटल मालिक द्वारा बिना सत्यापन के होटल में कर्मचारियों से कार्य करवाते हुए पाया गया। इस पर पुलिस द्वारा होटल मालिक का दस हजार रुपये का चालान किया गया।पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों व किरायेदारों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# युवा कृषक कमल गिरी बने बागवानी के रोल मॉडल डीएम ने फार्म पहुंचकर की सराहना

**चंपावत।** जनपद चम्पावत के दूधपोखरा निवासी युवा कृषक कमल गिरी द्वारा बागवानी एवं बहुआयामी कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्यों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने उनके फार्म का स्थलीय निरीक्षण किया तथा विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने फार्म में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों, फसलों के विविधीकरण तथा स्वरोजगार के सफल मॉडल की सराहना की।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कमल गिरी से सेब, कीवी, तेजपत्ता, बड़ी इलायची सहित अन्य फसलों के उत्पादन, विपणन व्यवस्था एवं सरकारी योजनाओं से प्राप्त लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी ली।



कमल गिरी ने बताया कि उन्होंने उद्यान विभाग की एप्पल मिशन योजना के अंतर्गत अनुदान पर सेब के पौधे प्राप्त कर बागवानी की शुरुआत की। इसके साथ ही कीवी मिशन के माध्यम से कीवी उत्पादन को भी सफलतापूर्वक विकसित किया गया है।उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में वे लगभग 15 नाली भूमि में 1000 से अधिक सेब के पेड़ों का उत्पादन कर रहे हैं, जिनसे उच्च गुणवत्ता के फल प्राप्त हो रहे हैं। इन फलों को वे 180 से 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से स्थानीय बाजार में विक्रय करते हैं, साथ ही उनके फार्म पर आने वाले पर्यटक स्वयं पेड़ों से फल तोड़कर खरीदने का अनुभव भी प्राप्त करते हैं, जिससे आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित हुए हैं।

कमल गिरी द्वारा फार्म में बहुविध कृषि प्रणाली को अपनाते हुए पॉलीहाउस के माध्यम से सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन (मौन पालन) एवं मछली पालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्याज, काली हल्दी, तेजपत्ता, अदरक, आड़ू, पुलम, नींबू तथा कैमोमाइल चाय का उत्पादन भी किया जा रहा है, जिससे उन्हें वर्षभर आय प्राप्त हो रही है।उन्होंने यह भी बताया कि पॉलीहाउस निर्माण एवं तारबाड़/सोलर फेंसिंग की सुविधा मिलने से उनकी फसलों को जंगली जानवरों से सुरक्षा मिली है, जिससे उत्पादन में निरंतर वृद्धि हुई है। कमल गिरी ने जिलाधिकारी को सेब एवं कीवी उत्पादन की तकनीकी बारीकियों, मधुमक्खी पालन के महत्व तथा कृषि कार्यों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से भी अवगत कराया।जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कमल गिरी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार, परिश्रम एवं वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित कृषि कार्य जनपद के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के क्षेत्र में इस तरह के सफल मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रगतिशील एवं सफल कृषकों को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए तथा अन्य इच्छुक किसानों को भी विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग बागवानी एवं बहुआयामी कृषि को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकें।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, डेसमंड सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

## जय मां भगवती बालीबाल प्रतियोगिता का समापन चंपावत बनी चैंपियन।12 टीमों ने किया प्रतिभाग

**लोहाघाट।** महाविद्यालय प्रांगण में युवक मंगल दल चौड़ीराय द्वारा पूर्व प्रधान जितेंद्र राय के नेतृत्व में युवाओं को नशे से दूर रखने व अधिक से अधिक खेलों से जोड़ने के लिए जय मां भगवती वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में क्षेत्र की 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश पांडेय ने किया और प्रतियोगिता का समापन ब्लॉक प्रमुख महेंद्र ढेक के द्वारा किया गया । दोनों ही अतिथियों के द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन कर्ता युवक मंगल दल चौड़ी राय के युवाओं की सराहना की ।कहा इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को जहां नशे से दूर रखती हैं और उनका उज्जवल भविष्य बनाने में अहम साबित होती है ।कहा आज सरकार खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में रोजगार भी दे रही है। पूर्व प्रधान जितेंद्र राय ने बताया प्रतियोगिता में क्षेत्र की 12 टीमो ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता की विजेता चंपावत की टीम रही। इस दौरान शिक्षक नाथूराम राय ,नरेश चंद्र राय लक्ष्मीदत कापड़ी भास्कर भट्ट, धर्मानंद राय, विपिन राय ,रमेश चंद्र राय सहित कई लोग मौजूद रहे।



## दुर्घटनाओं को दावत देती अद्वैत आश्रम मायावती की क्षतिग्रस्त सड़क पर्यटकों को खतरा

**लोहाघाट।** चंपावत जिले के लोहाघाट का प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र व पर्यटक स्थल अद्वैत आश्रम मायावती को जोड़ने वाली सड़क फोर्ती व बनीगाव के बीच एक स्थान में लंबे समय से यह महत्वपूर्ण पर्यटन सड़क क्षतिग्रस्त हुई है ।जिस कारण इस स्थान में दुर्घटनाओं का गंभीर खतरा बना हुआ है पर लोक निर्माण विभाग लोहाघाट के द्वारा अभी तक सड़क के सुधारीकरण के लिए कोई भी कार्य नहीं किया गया है। जिस कारण क्षेत्र वासियों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों ने कहा यह सड़क जिले के सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र व पर्यटन स्थल मायावती को जोड़ती है। और बड़ी तादाद में यहां देश-विदेश से पर्यटक पहुंचते है गर्मी के सीजन में यहां बड़ी तादात में पर्यटक पहुंचेंगे तथा स्थानीय लोग भी अपना उपचार कराने मायावती अस्पताल बड़ी संख्या में जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा इस स्थान में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कहा विभाग को जानकारी देने के बावजूद भी अभी तक सड़क मरम्मत को लेकर कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है जो कि एक गंभीर लापरवाही है तथा पर्यटकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ग्रामीणों ने कहा इस स्थान में सड़क लगातार धसते जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन व लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत व सुरक्षा दीवार लगाने की मांग की है। मामले में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग हितेश कांडपाल ने बताया सड़क की मरम्मत का कार्य किया जाएगा तथा सुरक्षा दीवार निर्माण का आगणन तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है।



# विदेश मंत्रालय में एएसओ बने संदीप, टैक्स असिस्टेंट सौरभ को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**चंपावत** । जनपद चम्पावत के तीन युवाओं का चयन कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (ष्ट्रत्ररु) में हुआ है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जनपद के कोयाटी निवासी संदीप कुमार, पम्दा निवासी सौरभ जोशी एवं बाराकोट निवासी विमल सिंह अधिकारी का चयन विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर हुआ है।

संदीप कुमार का चयन विदेश मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (्स्ह) पद पर, सौरभ जोशी का चयन टैक्स असिस्टेंट पद पर तथा विमल सिंह अधिकारी का चयन रक्षा मंत्रालय के अधीन वित्तीय प्रबंधन एवं लेखांकन विभाग में ऑडिटर (लेखा परीक्षक) पद पर हुआ है।

लोहाघाट विकासखंड के कोयाटी ग्राम पंचायत के सिमाड़ गांव निवासी संदीप कुमार ने कठिन परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उनके पिता पुष्कर राम टैक्सी चालक हैं तथा माता श्रीमती सरिता देवा गृहिणी हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संदीप एवं उनकी माता सरिता देवा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।इसी प्रकार बाराकोट ब्लॉक के पम्दा ग्राम पंचायत निवासी सौरभ जोशी, जो नवल किशोर जोशी के पुत्र हैं, ने भी एसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर टैक्स असिस्टेंट पद पर चयन हासिल किया है। जिलाधिकारी ने सौरभ जोशी को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के युवाओं में अपार क्षमता है, आवश्यकता केवल सही दिशा और निरंतर प्रयास की है। उन्होंने अन्य युवाओं को भी इन सफल अभ्यर्थियों से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया।इस अवसर पर पनीराम, ललित भट्ट, महेश भट्ट, अजय नरियाल, मदन लाल, दीपक रंसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य विभाग का घर-घर जागरूकता अभियान



**चम्पावत।** जिला चम्पावत में सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग का सघन जागरूकता अभियान लगातार जारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीमें सभी ब्लॉकों में घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों से संवाद कर रही हैं। इस दौरान उन्हें संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है ताकि हर गर्भवती महिला सुरक्षित वातावरण में अस्पताल में प्रसव कर सके। टीम द्वारा परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी दी जा रही है। इसमें इजोबोई शगुन योजना, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण संबंधी जानकारी तथा नि:शुल्क परिवहन सेवाएं 102 और 108 के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मी यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि जरूरत पड़ने पर गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# बाराकोट टैक्सी स्टैंड में जल भराव व कीचड़ से यात्री व वाहन चालक परेशान

**लोहाघाट** । बाराकोट टैक्सी स्टैंड में वाहन चालक व यात्री बारिश से हो रहे जल भराव व कीचड़ की समस्या से लंबे समय से जूझ रहे हैं। टैक्सी स्टैंड का निर्माण न होने के चलते टैक्सी चालकों को अपने वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े करने पड़ते हैं। जिस कारण इस स्थान में अक्सर जाम की समस्या भी पैदा होते रहती है। सोमवार को टैक्सी संचालक उमेश कालाकोटी व अन्य वाहन चालकों ने बताया टैक्सी स्टैंड ना होने के चलते बाराकोट व बर्दाखान खान क्षेत्र के वाहन लोहाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े करने पड़ते हैं और बरसात होते ही स्टैंड में जल भराव व कीचड़ हो जाता है ।जिस कारण उन्हें व यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कालाकोटी ने बताया लंबे समय से वह लोग प्रशासन से स्टैंड में सड़क के किनारे इंटरलॉकिंग टाइल लगाने की मांग कर रहे हैं पर समस्या के समाधान के लिए अभी तक संबंधित विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया बरसात में बोट हाउस सड़क से बहता हुआ पानी स्टैंड में जमा हो जाता है जिस कारण यात्रियों व वाहन चालकों को काफी दिक्कतें होती है। बताया इस स्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग में हुए गड्ढों के कारण जल भराव की स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। राहगीरो का पैदल चलना तक मुश्किल होता है ।उन्होंने जिलाधिकारी चंपावत से लोहाघाट के बाराकोट टैक्सी स्टैंड में उचित जल व्यवस्था निकासी तथा इंटरलॉकिंग टाइल लगाने की मांग की है। टैक्सी चालकों ने कहा उन्हें पूरा विश्वास है जिलाधिकारी टैक्सी चालकों व यात्रियों की समस्या का संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान अवश्य करेंगे।



# जीआईसी खेल मैदान में हैलीपैड संचालन का विरोध

## स्थानांतरण को तीन माह का अल्टीमेटम




### नहीं हुआ तो फिर हैली को उड़ान नहीं भरने देंगे , समिति ने सीएम धामी को लिखा पत्र

**मुनस्यारी।** जीआईसी मुनस्यारी के खेल मैदान से हैलीपैड को स्थानांतरित किए जाने की मांग फिर तेज पकड़ने लगी है। मुनस्यारी बचाओ संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ईमेल से पत्र भेजकर हैलीपैड को दूसरे स्थान में स्थानांतरित करने की मांग की। समिति ने उत्तराखंड सरकार को स्थान्तण के लिए तीन माह का समय दिया गया है। उसके बाद किसी भी प्रकार के हैली के को यहां हैलीपैड में उतरने नहीं दिया जाएगा।

समिति के संयोजक तथा निर्वतमान जिला पंचायत सदस्य जगत सिंह मर्तोलिया ने बताया कि हैलीपैड का निर्माण ग्राम पंचायत पापड़ी में किया जाना था। शासन स्तर से जबरन राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान की भूमि को हैलीपैड के निर्माण के लिए दे दिया गया। हैलीपैड में पहले नियमित उड़ाने नहीं चलती थी, इसलिए इसके दुष्प्रभाव भी कम देखने को मिल रहा था।

उन्होंने बताया कि दो साल से नियमित उड़ाने इस हैलीपैड से संचालित हो रही है। उड़ानों के कारण राजकीय इंटर कॉलेज तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा है। कहा कि उड़ान की आवाजों ने विद्यार्थियों को विचलित जैसा कर दिया है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार के सम्मुख यह सुझाव रखा है कि सरकार या तो हैलीपैड का स्थानांतरण करे या इंटर कॉलेज व डिग्री कालेज का। कहा कि दो में से एक का स्थानांतरण होना लोक हित में आवश्यक है।मर्तोलिया ने कहा कि सरकार को चाहे कि वह इस पत्र के प्राप्त होने के तीन माह के भीतर हैलीपैड स्थानांतरण पर अपना फैसला लेकर जनता-जनार्दन को बतायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगर इस पर फैसला नहीं लिया तो क्षेत्रवासियों को साथ लेकर किसी भी प्रकार के उड़ान को इस हैलीपैड में नहीं उतरने देंगे।

# चारधाम यात्रा से पहले गंगोत्री मार्ग की हालत चिंताजनक, 34 किमी तय करने में लग रहे 3 घंटे



**पर्वत प्रेरणा ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा शुरू होने से ठीक पहले गंगोत्री धाम को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। पिछले वर्ष धराली क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के बाद गंगनानी से गंगोत्री तक करीब 40 किलोमीटर सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसकी मरम्मत का कार्य अब भी जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंगनानी से धराली के बीच लगभग 34 किलोमीटर का रास्ता सबसे अधिक प्रभावित है। यहां सड़क कई स्थानों पर बेहद संकरी हो गई है, जहां एक समय में केवल एक ही वाहन गुजर सकता है। एक ओर खड़ी पहाड़ी और दूसरी ओर भागीरथी नदी होने के कारण यह मार्ग और अधिक जोखिम भरा बन गया है। पहले जहां इस मार्ग को पार करने में 1 से डेढ़ घंटे का समय लगता था, अब यात्रियों को 3 से 4 घंटे तक का समय लग रहा है। इयवना क्षेत्र में करीब 500 मीटर सड़क अब भी पूरी तरह तैयार नहीं हो पाई है। कई जगहों पर टूटे पुल, मलबा और बड़े-बड़े पत्थर अब भी पड़े हैं, जिससे खतरा बना हुआ है। 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा को देखते हुए प्रशासन के सामने यह मार्ग सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। हजारों श्रद्धालु इसी रास्ते से गंगोत्री धाम पहुंचेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर राहत और बचाव की मॉक ड्रिल भी कराई गई है, लेकिन सड़क की स्थिति अब भी चिंता का विषय बनी हुई है।

गंगोत्री के साथ-साथ यमुनोत्री मार्ग की हालत भी संतोषजनक नहीं है। धरासू बैंड से आगे एन एच-134 पर कई स्थानों पर सड़क धंसी हुई है और टूट-फूट का शिकार है। प्रशासन ने इस मार्ग पर करीब 10 डेंजर जोन चिन्हित किए हैं। हनुमान चट्टी के आसपास सड़क बेहद संकरी हो जाती है, जिससे आवाजाही में कठिनाई होती है। जानकीचट्टी तक कई स्थानों पर मरम्मत कार्य जारी है, जिसे यात्रा शुरू होने से पहले पूरा कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है।ओ

चारधाम यात्रा के लिए इस वर्ष अब तक लगभग 14 लाख श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है, जबकि पिछले वर्ष इसी समय यह संख्या करीब 28 लाख थी। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के लिए भी पंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई है, जिसका एक कारण मार्ग की खराब स्थिति को माना जा रहा है। चारधाम यात्रा से पहले मार्गों की ऐसी स्थिति ने प्रशासन और श्रद्धालुओं दोनों की चिंता बढ़ा दी है। यदि समय रहते मरम्मत कार्य पूरा नहीं हुआ, तो यात्रा के दौरान भारी अव्यवस्था और जोखिम की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# बरदाखान में स्वच्छता अभियान की उड़ी धज्जियां बदहाल हालत में सार्वजनिक शौचालय

**चंपावत ।** जिले के बाराकोट ब्लॉक के बरदाखान में बना सामुदायिक शौचालय जिले की स्वच्छता अभियान की पोल खोलता नजर आ रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज जोशी व लोगों ने बताया सार्वजनिक शौचालय की हालत इतनी खराब है कि यहाँ बदबू के कारण खड़ा होना तक मुश्किल है। इतनी गंदगी और कुव्यवस्था के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधि मूक दर्शक बने हुए हैं। बरदाखान में आने वाली महिलाएं, बुजुर्ग और पर्यटक गंदगी के कारण मजबूरन खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य जोशी व ग्रामीणों ने प्रशासन से शौचालय की



सफाई करवाने तथा नए शौचालय के निर्माण की मांग की है। बताया शौचालय की गंदगी से बीमारी का खतरा बढ़ रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने कहा वर्ष 2016 में विधायक निधि से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। पर इसकी साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण यहां गंदगी बनी हुई है उन्होंने शासन प्रशासन से मां वरदायनी के धाम बरदाखान में नए सार्वजनिक शौचालय के निर्माण की मांग की है। कहा शौचालय की बदहाल हालत से महिलाओं को वर्तमान में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश संख्या में उछाल, शीतकालीन सत्र 2026 के आंकड़े उत्साहजनक

**हल्द्वानी, ( पर्वत प्रेरणा संवाददाता )।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में शीतकालीन सत्र जनवरी 2026 के दौरान प्रवेश संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।



विश्वविद्यालय में इस वर्ष कुल प्रवेश संख्या बढ़कर 39,436 तक पहुंच गई है, जो वर्ष 2025 के 33,501 के मुकाबले लगभग 6 हजार अधिक है। नए प्रवेशों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2026 में 6,608 नए छात्रों ने प्रवेश लिया, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या 5,358 थी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 से 2024 तक लगातार वृद्धि के बाद वर्ष 2025 में हल्की गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन वर्ष 2026 में यह रुझान फिर सकारात्मक हो गया है। प्रवेश आंकड़े-जनवरी 2025- कुल 33,501 7 नए 5,358 जनवरी 2026- कुल 39,436 7 नए 6,608 इस वृद्धि को दूरस्थ शिक्षा के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत माना जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, लगातार प्रयासों, जनसंपर्क अभियानों और प्रचार-प्रसार के चलते यह सफलता मिली है। कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय विश्वविद्यालय परिवार, अध्ययन केंद्रों, क्षेत्रीय कार्यालयों, समन्वयकों, संबद्ध महाविद्यालयों एवं मीडिया को दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यालय से लेकर अध्ययन केंद्रों तक किए गए सतत प्रयास, भौतिक संपर्क अभियान तथा मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से किए गए प्रचार का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। साथ ही समाज में दूरस्थ शिक्षा के प्रति लोगों का रुझान भी तेजी से बढ़ रहा है।वर्तमान में विश्वविद्यालय में 14 विद्याशाखाओं के अंतर्गत 100 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर के विद्यार्थियों को लचीली, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। विश्वविद्यालय द्वारा इस सत्र में राज्यभर में विभिन्न मेलों और आयोजनों में स्टॉल लगाकर तथा निशुल्क पुस्तक वितरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से दूरस्थ शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया।

# आंगन में खेल रही मासूम पर गिरा लोहे का गेट, दर्दनाक मौत

**कालाढूंगी, ( संवाददाता )।** घर के आंगन में खेल रही 5 वर्षीय मासूम की लोहे के गेट के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर सात निवासी विक्रम सिंह अधिकारी की 5 वर्षीय बेटी हस्मिता अधिकारी उर्फ गौरी रविवार सुबह करीब 10 बजे घर के आंगन में खेल रही थी। खेलते समय वह लोहे के गेट के पास पहुंच गई, तभी अचानक गेट उसके ऊपर गिर गया। हादसे में मासूम के सिर पर गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजन तत्काल उसे स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे हल्द्वानी रेफर किया गया, लेकिन निजी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया।



बताया जा रहा है कि गौरी मदर्स होम स्कूल में एलकेजी की छात्रा थी। घटना पर विद्यालय प्रबंधन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# राजन मंडल और प्रदीप बढ़ाई को जिले में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**सितारगंज ।** वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह विकल ने संगठन की मजबूती और श्रमिक हितों को धरातल पर उतारने के लिए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। परिषद ने राजन मंडल को ऊधम सिंह नगर जिले का वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा प्रदीप बढ़ाई को सितारगंज विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह विकल' ने बताया कि सितारगंज निवासी राजन मंडल को ऊधम सिंह नगर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शक्तिफार्म निवासी प्रदीप बढ़ाई को सितारगंज विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह विकल ने बताया कि यह निर्णय दोनों पदाधिकारियों की सामाजिक सक्रियता, लंबे समय से की जा रही श्रमिक सेवाओं और मानवाधिकारों के प्रति उनकी गहरी रुचि को देखते हुए लिया गया है। संगठन का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी और श्रमिक हितैषी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। नवनियुक्त पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से पहुँच सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राजन मंडल और प्रदीप बढ़ाई ने कहा कि वे श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। इन नियुक्तियों की घोषणा के बाद समर्थकों, स्थानीय निवासियों और संगठन के सदस्यों में खुशी की लहर है।





# मियाला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**टिहरी ।( घनसाली )।** बलूनी हॉस्पिटल, रिंग रोड जोगीवाला द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 से अधिक स्थानीय लोगों ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को परामर्श, जांच एवं उपचार की सुविधाएं प्रदान कीं। प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. यू.एस. बलूनी (जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. डी.सी. नौटियाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. संदीप टंडन (चिकित्सा विशेषज्ञ), डॉ. संजीव गुप्ता (मूत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रीति पांडेय (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. विष्णु वाजपेयी (हड्डी रोग विशेषज्ञ) शामिल रहे। शिविर का उद्घाटन अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. उदयशंकर बलूनी एवं नगर पंचायत चमियाला के अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सभासद बीरेंद्र राणा, मनोज नौटियाल, प्रकाश रतूड़ी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों का भी विशेष सहयोग रहा। शिविर में निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण, रक्तचाप एवं शर्करा जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया।